Divya Himachal Dated 17.10.2026

प्रिया शर्मा को बोर्ड अध्यक्ष ने किया सम्मानित

धर्मशाला : धर्मशाला निवासी प्रिया शर्मा का अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में प्रिया शर्मा को सम्मानित किया। बता दें कि प्रिया शर्मा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय में कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आइटी) के पद पर कार्यरत तुलसी देवी की बेटी है। (जासं)

Kangra Kesari Dated 17.10.2026

प्रिया का राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन



धर्मशाला : अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के उपरांत प्रिया शर्मा को सम्मानित करते स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा। (ब्यूरो)

धर्मशाला, 16 अक्तूबर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय धर्मशाला में कनिष्ठ कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत तुलसी देवी की बेटी प्रिया शर्मा का चयन राष्ट्रीय स्तर की अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर बोर्ड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने होनहार छात्रा प्रिया शर्मा को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने प्रिया को कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जगह बनाना उसकी कड़ी मेहनत, लगन, असाधारण प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण का ही परिणाम है।

Aapka Faisla Dated
17.10.2026

राष्ट्रीय स्तर पर चयन से बढ़ा हिमाचल का गौरव, बोर्ड अध्यक्ष ने किया सम्मानित



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड परिवार के लिए यह गर्व एवं हर्ष का विषय है कि बोर्ड कार्यालय में कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) के पद पर कार्यरत तुलसी देवी की सुपुत्री का अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में छात्रा को सम्मानित किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होना छात्रा की कड़ी मेहनत, लगन, प्रतिभा और समर्पण का परिणाम है। यह उपलब्धि उनके परिवार के साथ-साथ पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा प्रतिभाएँ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं और खेलों में हासिल की गई ऐसी उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि छात्रा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन और जीवन में सफलता की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर बोर्ड परिवार ने भी छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ
16 अक्तूबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

राष्ट्रीय स्तर पर चयन से बढ़ा हिमाचल का गौरव, बोर्ड अध्यक्ष ने किया सम्मानित

अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

पहली नजर ब्यूरो/धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड परिवार के लिए यह गर्व एवं हर्ष का विषय है कि बोर्ड कार्यालय में कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) के पद पर कार्यरत श्रीमती तुलसी देवी की सुपुत्री का अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में छात्रा को सम्मानित किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होना छात्रा की कड़ी मेहनत, लगन, प्रतिभा और समर्पण का परिणाम है। यह उपलब्धि उनके परिवार के साथ-साथ पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा प्रतिभाएँ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं और खेलों में हासिल की गई ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं।

बोर्ड अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

बोर्ड अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि छात्रा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन और जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयां प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर बोर्ड परिवार ने भी छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

OCTOBER 17, SATURDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

HPBOSE CHAIRMAN FELICITATES EMERGING BADMINTON PRODIGY AHEAD OF NATIONAL CHAMPIONSHIP

The Sunny Times | Dharamshala |



Hard work and pure grit have powered a young shuttler straight to the national stage, bringing immense pride to Himachal Pradesh. The daughter of Tulsi Devi, a Junior Office Assistant (IT) at the Himachal Pradesh Board of School Education, has earned a coveted spot in the upcoming Under-17 National Badminton Championship. Celebrating this breakout milestone, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma hosted a special ceremony at the board headquarters to felicitate the rising sports star.

Commending her dedication, Dr. Sharma noted that cracking a national-level selection demands relentless hours of training and unwavering focus. He emphasized that her stellar triumph is not just a proud moment for her family and the education board, but a victory that shines a spotlight across the entire state. Such sporting feats showcase the rising athletic power of Himachal's youth while serving as an electrifying reminder to students everywhere that passion can break any ceiling.

With the big tournament just around the corner, Dr. Sharma expressed absolute confidence that the young athlete will deliver a fierce performance on the national court and bring home top honors. Board members gathered to cheer on her dream run, wishing her lightning-fast rallies, tournament success, and a blazing career ahead.